Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited
CIN: U75100MP2015SGC034434
2nd Floor, Smart City Development Corporation Office Building, Kalibadi Road, BHEL, Sector-A, Berkheda, Bhopal- 462022
Tel. 0755-2475607
Email:- publicrelations@mpmrcl.in
Website: www.mpmetrorail.com

प्रेस नोट

MPMRCL
10.07.2023

माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार भोपाल व इंदौर में चल रहे मेट्रो निर्माण कार्य की प्रगति पर निरंतर अपनी नजर रखी जा रही हैं, एवं अधिकारियों से समय-समय पर रिपोर्ट ली जा रही हैं। इसी क्रम मे श्री मनीष सिंह, प्रबंध संचालक द्वारा सितंबर माह में होने वाले प्रायोरीटी कॉरिडर के मेट्रो ट्रायल रन के लक्ष्य के मद्देनज़र मेट्रो निर्माण कार्यों की प्रगति को लेकर आज समीक्षा बैठक की गई। जिसमें मेट्रो से संबंधित प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से चर्चा की गई।

- **श्री सिंह द्वारा, इंदौर मेट्रो मे वायाडक्ट पर प्लिन्थ बीम के कार्य को दिन मे अनावश्यक बंद रखने को लेकर जनरल कन्सल्टन्ट के परियोजना निदेशक- श्री साइमन फोरी तथा उप-परियोजना निदेशक इंदौर जनरल कन्सल्टन्ट श्री परशुराम व महाप्रबंधक, इंदौर मेट्रो रेल के प्रति कड़ी आपत्ति जाहिर की ।**
- **दूरभाष से इंदौर मेट्रो एवं जनरल कन्सल्टन्ट के अधिकारियों को कड़े निर्देश एवं सचेत किया की भविष्य मे किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नही की जाएगी ।**
- **साथ ही L&T(भोपाल) एवं ISC/Texmaco (इंदौर) ट्रैक कान्ट्रैक्टर को दूरभाष से निर्देश दिए की बारिश मे कार्य रुकने नहीं चाहिए उसके लिए** covershed/tinshed **का अस्थाई इंतेजाम करें जिससे पटरी वेल्डिंग का कार्य बाधित न हो ।**

अधिकारियों से पटरी की वर्तमान स्थिति के बारे पूछा गया । इस पर अधिकारियों द्वारा पटरी की वर्तमान प्रगति के बारे मे अवगत करवाया गया जो की इस प्रकार है:

- भोपाल मे अब तक लगभग 1715 मीट्रिक टन पटरी प्राप्त हो चुकी है तथा वायाडक्ट पर अब तक लगभग 2 किमी पटरी बिछाई जा चुकी है।
- इंदौर मे अब तक लगभग 2105 मीट्रिक टन पटरी प्राप्त हो चुकी है तथा लगभग 3 किमी वायाडक्ट एवं **1** किमी डिपो मे पटरी बिछाई जा चुकी है।

श्री सिंह द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया की पटरी के कार्य मे तेजी लाने के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ानी होगी, जिस पर **L&T**(भोपाल) एवं **ISC/Texmaco (**इंदौर**)** ट्रैक कान्ट्रैक्टर

को मौके पर निर्देश दिए कि दो दिनों के भीतर श्रमिकों की संख्या बढ़ा कर 20 अगस्त तक पटरी का कार्य पूर्ण करने के लिए कहा ।

अधिकारियों ने प्रायोरीटी कॉरिडर के तहत इंदौर एवं भोपाल मे स्टेशन से संबंधित प्रगति के बारे मे अवगत करवाया एवं आश्वस्त किया कि सिविल एवं सिस्टम के सभी कार्य द्रुत गति से निरंतर जारी है एवं तय समय मे पूर्ण कर लिए जाएंगे ।

प्रबंध संचालक ने आज एक बार फिर सभी को स्पष्ट रूप से अवगत करवाया कि इसी वर्ष सितंबर मे होने वाले ट्रायल रन की समय सीमा अपरिवर्तनीय है, इससे पहले सभी कार्य पूर्ण हो जाने चाहिए।

साथ ही प्रबंध संचालक ने कहा की 10 दिन बाद वह फिर समीक्षा बैठक एवं निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति पर अपडेट लेंगे।

प्रबंधक संचालक के निरीक्षण कार्यक्रम में श्री अजय शर्मा, निदेशक (प्रोजेक्ट), श्रीमति नीति कोठारी, निदेशक (वित्त), श्री शोभित टंडन, निदेशक (सिस्टम), श्री संजय सिंह, महाप्रबंधक सिविल, श्री वाई सी शर्मा, महाप्रबंधक सिविल, श्री अजय गुप्ता, महाप्रबंधक ट्रैक, श्री मनीष गंगारेकर, महाप्रबंधक (रोलिंग स्टॉक), श्री एन.डी. शक्यावार, महाप्रबंधक (ई&एम), कॉरपोरेशन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी, जनरल कंसलटेंट के वरीय अधिकारी मौजूद रहे। प्रबंध निदेशक ने अधिकारियों को निर्माण कार्य को द्रुत गति में लाने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए।

****

PR/MPMRCL/JULY/2023

10.07.2023

Photographs next page

2nd Floor, Smart City Development Corporation Office Building,
Kalibadi Road, BHEL, Sector-A, Berkheda, Bhopal- 462022

Tel. 0755-2475607
Email:- publicrelations@mpmrcl.in
Website: www.mpmetrorail.com